उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियाँ मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर लखनऊ–226008
वेबसाइट : **hajcommittee.up.gov.in** ई–मेल आई.डी. : **hajcommittee.up@gmail.com**

पत्रांक–जी–।।/ 659 /एस0एच0सी0/लखनऊ/2025 दिनांक 17/3/25

सेवा में,

ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
जनपद – रामपुर
....

विषयः– **हज 2025 की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक जी–।।/520/एस0एच0सी0/2024 दिनांक 04.12.2024 का संज्ञान लेने का कष्ट करें। जिसके द्वारा हज प्रशिक्षकों के चयन हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे जिनके चयन हेतु दिनांक 19.01.2025 को कम्प्यूटर बेस्ड लिखित परीक्षा एवं 24.01.2025 को साक्षात्कार उपरान्त प्रशिक्षकों के चयन संलग्न सूची के अन्तर्गत किया गया है तदोपरान्त दिनांक 24 व 25 फरवरी को इन्हें हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।

हज सत्र–2024 हेतु ज़िले से प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची में प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध केन्द्रों को हज सत्र–2025 हेतु पुनः चयनित कर लिया गया है परन्तु ज़िला स्तर पर किन्ही कारणों से प्रशिक्षण स्थल को परिवर्तित किया जाना हो तो कारण सहित उसका प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करने का कष्ट करें, ऐसा केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जाना सम्भव होगा। (सूची संलग्न)

आपके जनपद से जाने वाले हज यात्रियों के हितार्थ एवं मार्गदर्शनार्थ ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण कैम्प दिनांक 02.04.2025 से 20.04.2025 के मध्यम कोई तिथि निर्धारित कर जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हज अराकान की जानकारी देने वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त संलग्न सूची में उल्लिखित हज प्रशिक्षक जिन्हें हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा दिनांक 24 व 25 फरवरी 2025 को मुम्बई में प्रशिक्षण दिया गया है उन प्रशिक्षकों से हज यात्रियों का प्रशिक्षण कराया जाना आवश्यक है अतः निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय
17.3.25

संलग्नकः– प्रशिक्षक व प्रशिक्षण केन्द्र की सूची।

(एस0 पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उ0प्र0 सरकार को उनके निजी सचिव के माध्यम से।
2. मा0 राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उ0प्र0 सरकार को उनके निजी सचिव के माध्यम से।
3. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, आठवां तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5. ज़िलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई।
7. प्रशिक्षण हेतु चयनित प्रशिक्षण केन्द्रों को।
8. हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों कों।
9. गार्ड फाइल हेतु।

(एस0 पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी